Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-03-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title : Need to provide compensation to the farmers whose crops have been damaged due to hailstorms in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, इस वर्ा फागुन के महीने में बेमौसम बरसात ने अपना रौद्र रूप दिखाकर बेमौसम गरज कर आंधी, पानी एवं ओलावृटि से देश के अनेक प्रदेशों में किसानों तथा ग्रामीण मजदूरों को रूला दिया है। मेरे संसदीय क्षेत्र सागर, मध्य प्रदेश जिले में चार-पांच लोगों सहित मध्य प्रदेश में अनेक व्यक्ति अपनी जान गंवा बैठे हैं। किसानों के चेहरे पर उदासी छा गयी है क्योंकि प्रकृति के प्रहार से खड़ी पुसल या कटी फसल सड़ गयी है जिससे गंभीर नुकसान पहुंचा है। किसानों को फसल की नुकसानी का क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने के लिए केन्द्र सरकार को मध्य प्रदेश सहित उन सभी राज्यों में जहां प्राकृतिक आपदाओं ने किसानों को रूलाया है, वहां विशेा पैकेज देकर ग्रामीण विकास की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिये क्योंकि किसान अगर टूट गया तो सारी अर्थव्यवस्था ठप्प हो जायेगी। वैसे ही कई राज्यों में किसान कर्ज की मार से परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। अतः भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए किसानों को विशेा सहारा देने की आवश्यकता है।